>

Title: Need to improve the transmission and relay facility of All India Radio and Doordarshan in Alwar Parliamentary Constituency, Rajasthan.

डॉ. करण सिंह यादव (अलवर) : महोदय, मेरे लोक सभा क्षेत्र अलवर के ग्रामीण अंचलों में आकाशवाणी और दूरदर्शन कार्यक्रमों का सही व गुणात्मक प्रसारण नहीं आ रहा है। जिले में ऊंची-ऊंची पर्वतीय शृंखलाओं के कारण अलवर के आकाशवाणी केन्द्र परिसर में स्थित रिले टॉवर से निकली तरंगे ऊंची पहाड़ियों के कारण थाना गाजी, बहरोड़, बानसूर व मुण्डावर क्षेत्र में नहीं पहुंच पाती और इस कारण इस क्षेत्र के रेडियो व ट्रंजिस्टरों पर आकाशवाणी, दूरदर्शन के कार्यक्रम नहीं सुने जा सकते।

अतः मेरी प्रार्थना है कि अलवर आकाशवाणी केन्द्र में स्थित रिले टावर को पहाड़ी पर स्थित बाला किला में स्थापित करें ताकि समस्त ग्रामीण क्षेत्र में आकाशवाणी के कार्यक्रम सुने जा सकें। इसी प्रकार बहरोड़ व थाना गाजी में दूरदर्शन रिले केन्द्र स्थापित किये जावे ताकि राÂट्रीय दूरदर्शन के कार्यक्रम ग्रामीण जनता को देखने को मिल सकें।